किशोरी समूह मासिक बैठके : 18 केजीबीवी में किशोरी समूह को माहवारी , व्यक्तिगत स्वच्छता एंव स्वास्थ्य को लेकर समीक्षा एंव नियोजन बैठकें की गई। भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	बैठकों की संख्या	संभागियों का विवरण		
			किशोरियां	शिक्षिकाएं	कुल
1.	जोधपुर	45	855	45	900
2	बाडमेर	25	490	25	515
3	जैसलमेर	15	270	15	285
कुल		**85**	**1615**	**85**	**1700**

बालिकाओं जीवन कौशल प्रशिक्षण : 18 केजीबीवी में जीवन कौशल ,व्यक्तिगत स्वच्छता व माहवारी प्रबन्धन पर समझ विकसित व मजबूत करने के लिए एक दिवसय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	प्रशिक्षण संख्या	संभागियों का विवरण		
			बालिकाएं	षिक्षिकाएं	कुल
1.	जोधपुर	09	830	09	839
2	बाडमेर	06	540	06	546
3	जैसलमेर	03	270	03	273
कुल		**18**	**1640**	**18**	**1658**

राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन : 12 केजीबीवी में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे स्टाफ, केजीबीवी षिक्षिकाएं, बालिकाएं, व अभिभावको ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओ ने बाल विवाह, जीवन कौशल,जल प्रबन्धन, व्यक्तिगत स्वच्छता व माहवारी प्रबन्धन तथा स्वच्छ पर्यावरण के बारे में अपने मनोभाव कविता, गीत, नृत्य, भाषण, चित्रकारी एवं खेलकूद के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस में उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है :

क.स.	जिले का नाम	बालिका दिवस संख्या	संभागियों का विवरण		
			बालिकाएं	षिक्षिकाएं व अभिभावक	कुल
1.	जोधपुर	06	455	164	619
2	बाडमेर	04	344	84	428
3	जैसलमेर	02	192	75	267
कुल		**12**	**991**	**323**	**1314**

शैक्षिक किशोरी बालिका मेले : 12 केजीबीवी में दो दिवसीय शैक्षिक किषोरी **बालिका** मेलों का आयोजन सरकार के साथ मिलकर किया गया। इन मेलों में 12 केजीबीवी के आसपास की 05–05 स्कूलो की बालिकाओं को शामिल किया गया। उपस्थिति इस प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	केजीबीवी व स्कूल संख्या	संभागियों का विवरण		
			बालिकाएं	षिक्षिकाएं व अभिभावक	कुल
1.	जोधपुर	36	2520	205	2725
2	बाडमेर	24	1430	270	1700
3	जैसलमेर	12	765	140	905
कुल		**72**	**4725**	**615**	**5340**

जिला स्तर समीक्षा बैठकों में भागीदारी : 18 केजीबीवी की जिला स्तर की समीक्षा बैठकों में भाग लेकर केजीबीवी में जल प्रबन्धन, व्यक्तिगत स्वच्छता व माहवारी प्रबन्धन तथा स्वच्छ पर्यावरण गतिविधियों में सुधार के लिये केजीबीवी प्रधानाध्यापिकाओं व एडीपीसी एपीसी के साथ सयुंक्त कार्ययोजना बनाई गई। बैठकों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	बैठकों की संख्या	संभागियों का विवरण		
			केजीबीवी प्र.अ.	जिला अधिकारी	कुल
1.	जोधपुर	06	54	24	78
2	बाडमेर	03	18	12	30
3	जैसलमेर	03	09	12	21
कुल		**11**	**81**	**48**	**129**

गर्ल्स नॉट ब्राइड्स् कार्यक्रम

परियोजना का नाम	गर्ल्स नॉट ब्राइड्स कार्यक्रम
परियोजना का कार्यक्षेत्र	राजस्थान राज्य
वितीय सहयोग	जी.एन.बी.(गर्ल्स नॉट ब्राईड्स)
परियोजना प्रारम्भ	दिसम्बर 2017
प्रतिवेदन अवधि	अप्रेल 2019—मार्च 2020

कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय : गर्ल्स नोट ब्राइडस् 95 देशों के 1000 से अधिक सामाजिक संगठन, जो बाल विवाह को समाप्त करने के लिए वचनबद्ध हैं की ग्लोबल साझेदारी का संगठन है। इसकी स्थापना सितम्बर 2011 में हुई।

गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान में दिसम्बर 2017 में जयपुर, राजस्थान में बनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य राजस्थान से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने के साथ ही बाल विवाह रोकथाम के लिए बालिकाओं की आवाज को बुलंद करना है। इसके अलावा बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य व विकास के अवसरों के लिए जागरूक करना है।

जीएनबी राजस्थान का मूल्याकंन बैठक जयपुर 4 जून 2019 : गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान की एक दिवसीय मूल्याकंन बैठक ओम निवास होटल जयपुर में आयोजित की गई। गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान का मूल्यांकन सुश्री जैनत सेवाया कन्सलटेंट जीएनबी लंदन द्वारा किया गया। बैठक में जीएनबी बनने से पहले संस्थाओं द्वारा बाल विवाह पर किये जा रहे कार्यो, संगठन बनने के बाद संस्थाओं ने बाल विवाह को अपने अन्य कार्यो में कैसे जोडा, जीएनबी राजस्थान के बैनर तले क्या—क्या व किस प्रकार के कार्य किये गये। एक दिवसीय बैठक में जीएनबी दिल्ली ऑफिस से दिव्या मुकुदं ने भी भाग लिया। बैठक में 13 संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

स्टीयरिंग कमेटी बैठक कोटा —28 जून 2019 : गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान की स्टीयरिंग कमेटी एक दिवसीय बैठक 28 जून 2019 को होटल सरस्वती पैलेस कोटा में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सदस्यों के अनुभवों का आदान—प्रदान, संभाग स्तरीय बैठक कोटा की तैयारी, जीएनबी लंदन द्वारा राजस्थान को स्वीकृत किये गये बजट पर चर्चा व आगामी कार्ययोजना पर बातचीत करना था। सभी संस्थाओं ने बाल विवाह रोकथाम

सम्बन्धी किये कार्यो व राष्ट्रीय–अंतराष्ट्रीय बैठकों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद संभाग स्तरीय बैठक के सत्र व संदर्भ व्यक्तियों, संदर्भ सामग्री व अन्य तैयारियों पर बातचीत की गई। अंतिम सत्र में स्वीकृत बजट व आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इस एक दिवसीय बैठक में 10 संभागियों ने भाग लिया।

कोटा संभाग स्तरीय बैठक –29 जून 2019 : गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान के कोटा संभाग की संस्थाओं की संभाग स्तरीय बैठक 29 जून 2019 को होटल सरस्वती पैलेस कोटा में आयोजित की गई। बैठक में आपसी परिचय के जीएनबी राजस्थान के बारे में बताया गया। उपरांत सभी संभागीयों द्वारा वर्तमान में बाल विवाह रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यो, बाल विवाह की स्थिति के बारे मे बताया। इस बैठक में कोटा संभाग की स्वयं सेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, मीडिया कर्मियों सहित 28 संभागीयों ने भाग लिया।

जिला स्तरीय बैठक सिरोही –19 जुलाई 2019 : बाल विवाह मुक्त राजस्थान के लिए साझा पहल एवं बाल विवाह रोकथाम के लिए गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान व जिला प्रशासन सिरोही के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय बैठक 19 जुलाई 2019 को श्री सुरन्द्र कुमार सोलंकी की अध्यक्षता में जिला कलक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आपसी परिचय के जीएनबी राजस्थान के बारे में बताया गया। सभी संभागीयों द्वारा वर्तमान में बाल विवाह रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यो, बाल विवाह की स्थिति के बारे मे बताया। सभी के अनुभवों व जीएनबी राजस्थान के उद्देश्यों जानने के बाद जिला कलक्टर महोदय ने सिरोही को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु प्रत्येक पंचायत पर बाल विवाह विषयक पंचायत बैठक करने तथा बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित करवाने सम्बन्धी जिला स्तरीय आदेश जारी करने पर सहमति दी। अंत में जीएनबी राजस्थान के अध्यक्ष श्री अरविंद ओझा ने सभी का आभार व्यक्त किया। एक दिवसीय बैठक में 21 संभागीयों ने भाग लिया।

बच्चों के सम्बन्धित सतत विकास के लक्ष्यों पर राज्य स्तरीय कन्सलटेंशन 22 सितम्बर 2019 : बच्चों के सम्बन्धित सतत् विकास के लक्ष्यों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कन्सलटेंशन राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति जयपुर में 22 सितम्बर को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम गर्ल्स नोट ब्राइडस राजस्थान के चेयरपर्सन श्री अरविन्द ओझा ने सभी का स्वागत करते हुए कन्सलटेंशन के उद्देश्यों के बारे में बताया। उपरान्त बच्चों के सम्बन्धित सतत् विकास के लक्ष्यों पर चर्चाएं करते हुए सभी संभागीयों ने समूह चर्चाओं, पैनल चर्चाओं व व्यक्तिगत रूप से राजस्थान में सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा बाल विवाह मुक्त राजस्थान बनाने हेतु सुझाव दिये। एक दिवसीय कन्सलटेंशन में गर्ल्स नोट ब्राईड्स राजस्थान की सहयोगी संस्थाओं, यून एजेन्सीज यूनिसेफ, यूएनएफपीए, आईएलओ के प्रतिनिधियों, राजस्थान सरकार के बाल अधिकार आयोग के सदस्य व प्रतिनिधियों, आईएनजीओ सेव द चिल्ड्रन, एड एट एक्शन, रूम टू रीड, एक्शन एड, प्लान इण्डिया, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित 46 संभागीयों ने भाग लिया।

स्टीयरिंग कमेटी बैठक ओंसिया–30 सितम्बर 2019 : गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान की स्टीयरिंग कमेटी एक दिवसीय बैठक 30 सितम्बर 2019 को श्री वर्धमान जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंसिया में आयोजित की गई। प्रारम्भ में अध्यक्ष श्री अरविंद ओझा ने सभी का स्वागत किया तथा पिछली बैठक के बाद हुये कार्यो के बारे में बताया। इसके बाद इसके बाद सभी सदस्यों ने अपने–अपने संभाग में बाल विवाह रोकथाम सम्बन्धी किये कार्यो व राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय बैठकों के बारे में बताया। आगामी कार्ययोजना में 11 व 12 अक्टूबर को जयपुर में राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक समापन किया गया। एक दिवसीय बैठक में 6 संभागियों श्री अरविद ओझा, श्री ओपी कुल्हरी, श्री शिवजीराम यादव, श्री अरूण जिंदल, श्री अंचल कुमार यादव व श्रीमती प्रीति राठौड़ ने भाग लिया।

जिला स्तरीय कार्यशाला औंसिया 30 सितम्बर 2019 : राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जोधपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाल अधिकार व बाल विवाह निषेध कानून के प्रति आम–जन में जागृति हेतु जोधपुर की जिला स्तरीय कार्यशाला राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्री संदीप मेहता के मुख्य आतिथ्य में 30 सितम्बर 2019 को श्री वर्धमान जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंसिया में आयोजित की गई। श्री मेहता ने कहा क बाल विवाह एक कुप्रथा नहीं है बल्कि अपराध है।

कार्यशाला में राजस्थान बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमेन श्री चन्द्र कुमार सोनगरा, सचिव श्री समरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर श्रीमती सीमा कविया, ओंसिया के एसडीएम, बीडीओ, पुलिस उप अधीक्षक, थानाधिकारी के अलावा जोधपुर संभाग की स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान के अध्यक्ष श्री अरविन्द ओझा व नेटवर्क से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि सेव द चिल्ड्रन जयपुर के कार्यक्रम प्रबंधक श्री रमाकांत सतपथे, सरकारी कर्मचारियों, धर्मगुरूओं, मीडिया कर्मियों, बालिकाओं सहित 347 संभागीयों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन शिक्षाविद् डॉ. बीएल जाखड़ ने किया।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस : दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 11–12 अक्टूबर 2019 जयपुर : दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 11 व 12 अक्टूबर को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति जयपुर में आयोजि किया गया। सम्मेलन के शुभारम्भ पर जीएनबी राजस्थान के अध्यक्ष श्री अरविंद ओझा ने सभी बालिकाओं का स्वागत करते हुए अगले दो दिन बालिकाओं व किशारियों के मुद्दों पर खुल पर अपनी बात कहने, तथा नई नई सहेलियां बनाने का आह्वान किया। श्री राजेन्द्र बोडा पत्रकार व लेखक, राजस्थान बाल संरक्षण आयोग जयपुर से डॉ. शेलेन्द्र पाड्या व श्री विजेन्द्र सिंह, राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री रमेश थानवी, सेव द चिल्ड्रन के राज्य प्रमुख श्री संजय शर्मा, श्रीमती मंजरी यूनिसेफ राजस्थान, श्री गोविन्द बेनीवाल कन्सलटेंट बाल अधिकार आयोग, श्री धर्मवीर यादव राज्य प्रमुख क्राई जयपुर, डॉ. बीणा प्रधान आयुक्त बाल अधिकार आयोग राजस्थान सहित गर्ल्स नोट ब्राईड्स राजस्थान नेटवर्क से जुड़ी संस्थाओं प्रतिनिधियों, पत्रकारों व सम्पूर्ण राजस्थान के आई बालिकाओं सहित 146 संभागीयों ने भाग लिया।

वार्षिक साधारण सभा 17 दिसम्बर 2019 : गर्ल्स नोट ब्राइड्स की वार्षिक साधारण सभा 17 दिसम्बर 2019 को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति जयपुर में आयोजित की गई। सर्वप्रथम जीएनबी राजस्थान के अध्यक्ष श्री अरविन्द ओझा ने सभी का स्वागत करते हुए नेटवर्क के तहत किये कार्यो के बारे में बताया इसके उपरांत सभी संभागीयों को समूहों में विभाजित कर नेववर्क में युवाओं की भागीदारी बढाने, पैरवी, प्रस्पेक्टिव निर्माण पर चर्चा कर प्रस्तुती की गई। इसके बाद श्री नंदकिशोर आचार्य पर हिंसा पर सत्र लिया गया जिसमें हिंसा क्या है, हिंसा के प्रकार, हिंसा के बचाव आदि के बारे में अनेक उदाहरणों द्वारा समझाया गया। इसके बाद साधारण सभा में उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने वर्ष में जीएनबी व संस्थागत कार्यक्रमों के साथ जोडकर बाल विवाह रोकथाम व बालिकाओं को विकास के समान अवसर देने के लिए कार्यो के अनुभव, उपलब्धियों व चुनौतियों के बारे में बताया। सभी ने जीएनबी राजस्थान से अधिक से अधिक संस्थाओं को जोड़कर नेटवर्क के माध्यम से प्रत्येक बालिका को जोड़ने हेतु नीति बनाने का सुझाव दिया। एक दिवसीय वार्षिक साधारण सभा में गर्ल्स नोट ब्राइड्स राजस्थान नेटवर्क से जुड़ी 28 संस्थाओं के 44 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

गर्ल्स नॉट ब्राइड्स की मुखिया के साथ दो दिवसीय बैठक व गर्ल्स समीट 17–18 फरवरी 2020 : गर्ल्स नॉट ब्राइड्स राजस्थान की दो दिवसीय बैठक जीएनबी की मुखिया लंदन से आई ड़ॉ. फैथ म्वांगी तथा हीथर हैमिलटन के मुखिया आतिथ्य एवं जीएनबी भारत की मुखिया शिप्रा झा तथा दिव्या मुकुंद की अध्यक्षता में 17–18 फरवरी 2020 को आयोजित की गई। बैठक के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में राज्य भर से आई किशोरियां भी इसमें सम्मिलित हुई। किशोरियों ने मेहमानों का स्वागत करते हुए अपने संघर्ष व सफलता की कहानियां तथा अपने–अपने क्षेत्र में जीएनबी राजस्थान के सहयोग से बाल विवाह रोकथाम के लिए किये गये कार्यो को ड़ॉ. फैथ को बताया। द्वितीय सत्र में जीएनबी राजस्थान की साधारण सभा हुई जिसमें राजस्थान के अध्यक्ष श्री अरविन्द ओझा ने वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी।

अंत में जीएनबी की मुखिया लंदन से आई ड़ॉ. फैथ म्वांगी पोवेल ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व के 103 देशों में बाल विवाह पर बात हो रही है, रोकथाम के लिए काम हो रहा है। हम प्रेरणा स्रौत बन कर काम करें, हमें ना केवल प्रत्येक लड़की तक पहुंचना है बल्कि उसके अधिकारों की रक्षा भी करनी है। हम सब यह याद रखें कि हम लोगों के लिए लड़ रहे हैं, हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक बाल विवाह पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। अंत में अध्यक्ष श्री अरविंन्द ओझा ने सभी को धन्यवाद दिया। दो दिवसीय बैठक में 195 संभागीयों ने भाग लिया।

रेलवे स्टेशन बाल सहायता केन्द्र–1098

परियोजना का नाम	रेलवे स्टेशन बाल सहायता केन्द्र
परियोजना का कार्यक्षेत्र	बीकानेर जिला रेलेव क्षेत्र
वितीय सहयोग	चाइल्ड लाइन इण्डिया फाउण्डेशन
परियोजना प्रारम्भ	दिसम्बर 2018
प्रतिवेदन अवधि	अप्रेल 2019–मार्च 2020

परियोजना का संक्षिप्त परिचय : उरमूल ट्रस्ट, बीकानेर द्वारा 01 दिसम्बर 2018 से बीकानेर रेलवे स्टेशन पर बाल सहायता केन्द्र–1098 का संचालन किया जा रहा है। जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर रेलवे विभाग के साथ मिलकर बाल सहायता केन्द्र 1098 का संचालन किया जा रहा है। बाल सहायता केन्द्र की शुरूआत से ही बीकानेर के शहरी एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी रेलवे स्टेशनों पर बाल सहायता केन्द्र 1098 का प्रचार प्रसार टीम के द्वारा नियमित व लगातार किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगो में इस कार्यक्रम में बारे में जागरूकता आई है और इसका परिणाम है कि हर गुमशुदा, पीडित व समस्याग्रस्त बच्चों की जानकारी तुरन्त 1098 पर चाइल्ड लाइन को मिल रही है। इस प्रकार से बाल सहायता केन्द्र की टीम बीकानेर जिले में पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्य उद्देश्य :

- किसी भी पीडित बच्चे व जन समुदाय के द्वारा दी गई सूचना को प्राप्त कर कम से कम समय में बच्चें तक पहुंचना और उसकी सहायता करना।
- ट्रेन में अपने परिवार के साथ सफर कर रहे बच्चों का अपने परिवार से बिछड़ जाना या किसी व्यक्ति द्वारा बच्चो की तस्करी कर ट्रेन के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना। इस प्रकार की असामाजिक गतिविधियों से बच्चों की मदद करना।
- समस्याग्रस्त व असामाजिक गतिविधियो में लिप्त बच्चों का मार्गदर्शन व सहयोग तथा सलाह देना।
- चाइल्डलाइन निःशुल्क फोन सेवा 1098 का प्रचार–प्रसार करना।
- बाल मजदूर, संरक्षण और देखभाल के लिए जरूरतमंद बच्चों की पहचान करना व इसकी सूचना समवर्गी विभागो को देना।
- बच्चों के लिए काम कर रहे विभागो से समन्वयन स्थापित करना।
- बाल मजदूरी में लिप्त बच्चों को मुक्त करवाना।
- समस्याग्रस्त, पीडित और शोषण के शिकार बच्चों को मुक्त करवाना व समवर्गी विभागो के सहयोग से पुर्नवासित करवाना तथा निरंतर उनका फॉलोअप करना।
- जरूरत मंद बच्चों को सरकार के द्वारा संचालित सेवाओं से जोडकर लाभान्वित करवाना।
- दर्ज किये गये प्रत्येक मामले का तत्काल फॉलोअप करना।

बैठक गतिविधियां :

संस्थान	अप्रेल 2019–मार्च 2020	
	साप्ताहिक	मासिक
रेलवे चाइल्ड लाईन कार्यालय	38	12
बाल कल्याण समिति	45	10
किशोर आश्रय गृह	45	10
बालिका गृह	12	05
जिला बाल संरक्षण ईकाइ बैठक	00	08

1098 पर प्राप्त कॉल का विवरण :

केस प्रकार	अप्रेल 2019–मार्च 2020	
6. हस्तक्षेप / सहायता		कुल
चिकित्सकीय सहायता	5	**5**
आश्रय	5	**5**
पुनर्वास	0	**0**
शोषण से रक्षा	41	**41**
मृत्यु सम्बधित	0	**0**
स्पॉनसरशिप	0	**0**
7. गुमषुदा बच्चो के मामले		
लापता बच्चें	79	**79**
बच्चों के परिजनो द्वारा मांगी गई सहायता	6	**6**
8. भावनात्मक सहायता एवं मार्गदर्षन	4	**4**
कुल 1 से 3 तक	**140**	**140**
9. अन्य प्रकार		
10. सूचना		
सूचना व अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए	563	**563**
चाइल्डलाइन के बारे में जानकारी	190	**190**
प्रशासनिक कॉल	60	**60**
कुल – 3 से 5 तक	**813**	**813**

दर्ज मामलों का विवरण : माह **अप्रेल 2019–मार्च 2020** तक चाल्इडलाइन में **कुल** 135 मामले दर्ज हुए इनमें से 134 मामलो का निस्तारण किया जा चुका है,अभी केवल 01 मामला शेष है।

गुमशुदा मामलो का विवरण : माह **अप्रेल 2019–मार्च 2020** तक बाल सहायता केन्द्र को गुमशुदा बच्चो के कूल 79 मामले सामने आऐ जिनको बाल कल्याण समिति के माध्यम **से** 55 गुमशुदा बच्चों को आश्रय दिलवाया गया था। 48 बच्चो को परिजनो से मिलवा कर अपने घर भिजवा दिया गया है जबकि 07 बच्चे ऐसे थे जो अपने घर का पता बताने में असमर्थ थे जिनको स्थाई आश्रय दिलाया गया। तथा 20 बच्चों को रेलवे स्टेशन पर ही परिजनो की तलाश कर **आर.पी.एफ.** व **जी.आर.पी.** के माध्यम से उनके परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है।

शोषण से सुरक्षा : माह अप्रेल 2019–मार्च 2020 तक कूल 41बच्चों के मामले रेलवे चाइल्डलाईन को मिले। ये स्टेशन पर भीख मांगने वाले, प्लास्टिक बिनने वाले व बूट पॉलिश इत्यादि। जिनमें से 09 लड़के औ 01 लड़की को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर अस्थाई आश्रय दिलाया जबकि 15 बच्चों को रेलवे स्टेशन पर ही आरपीएफ व जीआरपी के माध्यम से उनके परिजनो को सुपुर्द किया गया। और बाकि 16 बच्चे विजिट के दौरान स्थान पर नहीं पाऐ गए।

आउटरीच गतिविधियां : माह, अप्रेल 2019 –मार्च 2020 तक कुल 350 आउटरीच गतिविधियो का संचालन किया गया जिसमें बीकानेर जिले के रेलवे स्टेशन व अन्य रेलवे क्षेत्र के सार्वजनिक स्थल शामिल है।

पारंपरिक चरागाह मार्गो को पुनर्जीवित करना

परियोजना का कार्यक्षेत्र	लूनकरणसर
वितीय सहयोग	संयुक्त राष्ट्र के FAO खादय एवं कृषि संगठन
परियोजना प्रारम्भ	जनवरी 2020
सहयोगी संसथाएं	उरमूल सेतु संस्थान, लूणकरण्रसर
प्रतिवेदन अवधि	जनवरी से मार्च 2020

परियोजना का संक्षिप्त परिचय :

इस परियोजना का संचालन संयुक्त राष्ट्र खादय एवं कृषि संगठन के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से चराई के परम्परागता मार्गो को पुर्नजीवित करना तथा चरागाह विकास कर पलायन करने वाले पशुपालको को सुविधा प्रदान करना, पशुपालक को आजीविका के साथ जोडते हुएं आर्थिक संसाधन के रूप में परिवर्तीत करने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में पशुओं का समय पर टीकाकरण एवं पशु प्रबन्धन किस प्रकार से करे, जिससे छोटे पशुपालको की आर्थिक हानि को कम कर आय मे वृद्धि की जा सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उददे्श्य क्षेत्र के पशुपालको के लिए लाभप्रद रूप में इसे स्थापित करना है ताकि क्षेत्र के लोग इस कार्यक्रम को आर्थिक विकास के रूप में स्थापित कर पाये।

परियोजना के तहत की गई गतिविधियों का विवरण :

सर्वेक्षण कार्य विवरण : बीकानेर, जिले के लूनकरणसर ब्लॉक में पशुपालको का सर्वेक्षण का कार्य किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	ब्लॉक का नाम	सर्वेकृत गांवो की संख्या	सर्वेकृत पशुपालको की संख्या	सर्वेकृत पशुओं की संख्या
1	बीकानेर	लूनकरणसर	18	394	34946

सामुदायिक बैठकों का आयोजन : जिले के लूनकरणसर ब्लॉक के गांवो में पशुपालको के साथ गांव स्तरीय बैठको का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालको को परियोजना के बारे में जानकरी दी गई तथा पलायन करने पर रास्ते में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	विवरण	बैठक आयोजित अवधी	बैठक आयोजित गांव	सम्भागी
1.	पशुपालको गांव स्तरीय बैठक	जनवरी–मार्च 2020	11	194
कुल			**11**	**194**

पशु प्रबन्धन प्रशिक्षण : लूनकरणसर मे 02 दिवसीय एवं कालू में 01 दिवसीय पशु प्रबन्धन प्रशिक्षण रखा गया । जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	प्रशिक्षण दिनांक	महिला	पुरुष	कुल
1.	दिनांक : 23 जनवरी 2020	01	19	20
2.	दिनांक : 11–12 फरवरी 2020	42	21	63
	कुल	**43**	**40**	**83**

पशु स्वास्थ्य व टीकाकरण शिविर का आयोजन : पशुपालन विभाग ,बीकानेर से साथ मिलकर पशुओं के टीकाकरण ,स्वास्थ्य जांच व निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

क.स.	स्थान	दिनांक	पशुपालक	कुल भेड व बकरी
1.	राजासर भाटीयान	11 फरवरी 2020	16	1100
2.	नापासरीयां	20 मार्च 2020	20	2902
	कुल			**4002**

.परियोजना का लॉच व सीएफसी शिलान्यास कार्यक्रम : 11 फरवरी 2020 को राजासर भाटीयान व 12 फरवरी 2020 को कालू ग्राम पंचायत में सीएफसी शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया। जिसमें संयुक्त राष्ट्र के FAO खादय एवं कृषि संगठन के प्रमुख तोमियो शिचरीव कोडा रेडी व राष्ट्रीय वर्षा सिचिंत क्षेत्र प्राधिकरण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय डॉ.बी.रथ व सयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग,ए.के. गहलोत पर्व कुलपति कृषि विश्वविधालय डॉ. ओपी.यादव काजरी,आरपी.सिह कुलपति कृषि विश्वविधालय,बीकानेर ,डॉ.आर.के. सांवत एनआरसीसी. ,अरविन्द ओझा सचिव उरमूल ट्रस्ट सेल्को से रोशन व एचडीएफसी से अर्पणा इस कार्यक्रम शामिल हुए।

क.स.	स्थान	दिनांक	महिला	पुरुष	कुल
1.	राजासर भाटीयान	11.02.2020	260	310	570
2.	कालू	12.02.2020	04	25	29
	कुल		**264**	**335**	**599**

फैसिग कार्य : सीएफसी राजासर भाटीयान में 40 बीघा चरागाह जमीन पर फरवरी 2020 में फैसिंग व गेट निमार्ण का कार्य पूण कर लिया गया।

चारा नर्सरी का फैसिग कार्य : लुनकरणसर उरमूल सेतू केम्पस मे चारा नर्सरी का फैसिंग कार्य व खाद् व समललीकरण का कार्य किया गया।

पैरवी स्तर के कार्य :

1. चरागाह व सीएफसी के लिए 4 लोकेशन की पैरवी कर अनुमति के लिए जिला कलेक्टर महोदय से आदेश करवाया गया।
2. ग्राम पंचायत के संरपचो से पैरवी कर 4 लोकेशन का अनापति पत्र जारी करवाया।
3. संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग,बीकानेर से आदेश करवाया।
4. 4 लॉकेशन पर बोर्ड लगवाये गये।
5. श्रीमान माननीय केन्द्रीय भारी उधोग राज्य मंत्री एंव संसदीय कार्य मत्री ,भारत सरकार से श्री अजुर्न राम जी मेधवाल से मांग करने पर ग्राम पंचायत ,कालू सीएफसी के लिए टूवेल की स्वीकृति जारी की है।
6. सयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग,बीकानेर से पैरवी कर पशु स्वास्थ्य केम्प लगाकर 4002 भेड व बकरीयो की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईया दी गई।
7. ग्राम पंचायत ,कालू की सामूहिक सहकारी समिति के अधिन 150 बीघा जमीन के अनापति पत्र जारी करवाया व सीएफसी बनाने की स्वीकृति ली गई।
8. ग्राम पंचायत ,कालू की सामूहिक सहकारी समिति के अधिन जमीन का सीमा ज्ञान के लिए जिला कलेक्टर महोदय से सीमाज्ञान के लिए आदेश करवायां।

मरूगंधा परियोजना

परियोजना का नाम	मरूगंधा परियोजना
परियोजना का कार्यक्षेत्र	पोकरण उपखंड, जैसलमेर जिले की 5 ग्राम पंचायतों के 14 गाँव।
वितीय सहयोग	एच.डी.एफ.सी बैंक–सी.एस.आर.मुम्बई
परियोजना प्रारम्भ	अप्रेल–2019
प्रतिवेदन अवधि	अप्रेल 2019 – मार्च 2020

थार रेगिस्तान में आवश्यकताओं का प्राथमिकीकरण करते हुए उनका स्थाई आजीविका संवर्धन के द्वारा समावेशी विकास तथा क्षेत्र की चुनौतियों का स्थाई समाधान लिए मरूगंधा परियोजना अप्रेल 2019 से संचालित है।

परियोजना के उद्देश्य :

- 0–3 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति परिजनों और समुदाय में जागरूकता लाना।
- 3–6 वर्ष तक के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु आंगनबाडी केन्द्रों को विकास करना।
- युवाओं विशेष रूप से किशोरी बालिकाओं में जीवन कौशल, यौन व प्रजनन जागरूक करना।
- बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु समूहों को मजबूती प्रदान करना व जागरूकता लाना।
- आंगनबाडी एवं विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण और रचनात्मक शिक्षा हेतु वातावरण तैयार करना।
- शिक्षक व विद्यार्थी कौशल विकास व सरकारी विद्यालयों को आदर्श रूप में विकसित करना।
- किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन बनाने और उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान करना।
- प्रासंगिक शिक्षा हेतु विद्यालयों और पुस्तकालयों का विकास करना।
- बुनकरों व ऊंटपालकों में व्यापारिक क्षमतावृद्धन एवं व्यापार बढावे हेतु बाजार से जुड़ाव करवाना।
- महिलाओं में वित्तीय साक्षरता व बैंकिग हेतु क्षमतावर्द्धन एवं प्रारंभिक वित्तीय सहायता उपलब्धता।
- बुनकरों और कारीगरों को उरमूल के आयवर्द्धन कार्यक्रम से जोड़ना।
- पारंपरिक जलस्त्रौतो के संरक्षण और उपयोगिता हेतु समुदाय को जागरूक करना।
- इको टूरिज्म को बढावा देना व कला मंच के माध्यम से जागरूकता लाना।

परियोजना के तहत आयोजित की गई गतिविधियों का विवरण :

कैमल कलस्टर विकास :

ऊँट पालकों को जोड़ने हेतु बैठकें व सम्पर्क : ऊंटपालन, संरक्षण, उत्पाद, दूध संकलन एवं दुग्ध संकलन केन्द्र आदि पर समझ विकसित करने के साथ ही प्रशिक्षण व बैठकों का आयोजन। विवरण निम्न प्रकार है :

क.स.	गांव	जगरूकता कार्यक्रम	ऊंटपालक संख्या	सम्भागी
1.	13	14	283	283

ऊंट पालक प्रशिक्षण : खेतोलाई एवं पोकरण में दो–दो दिवसीय तीन प्रशिक्षण आयोजित किये गये। इन प्रशिक्षणों में ऊंटपालको को दूध संकलन केन्द्र, दूध की गुणवत्ता एवं स्वचछता को सुनिश्चित करने को लेकर प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार से आयोजित 03 प्रशिक्षणों में कुल 191 सम्भागियों ने भाग लिया।

ऊंटनी दूध केन्द्र विकसित करना : खेतोलाई में ऊंटनी के दूध के संग्रहण हेतु केन्द्र विकसित किया गया। इस केन्द्र पर दूध संग्रहण हेतु बीएमसी स्थापित की गई। केन्द्र से 283 परिवार लाभान्वित होगे।

पशुपालक कौशल विकास प्रशिक्षण : ऊंट पालकों व युवाओं को ऊंट संरक्षण व दूध, बाल एवं चमड़े से तैयार होने वाले उत्पादों की जानकारी देने हेतु तीन प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया। इन 03 प्रशिक्षणों में कुल 151 सम्भागियों ने भागीदारी की।

पशु स्वास्थ्य व टीकाकरण शिविर : ऊंट बाहुल्य वाले गॉवों में पशु स्वास्थ्य व टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन आयोजित 20 शिविरों में कुल 16509 पशुओं की जॉच करके दवाई दी गई।

समुदायिक सामान्य स्वास्थ्य जॉच शिविर : 14 गांवों 18 सामान्य स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन गांव स्तर पर किया गया। इस प्रकार आयोजित 18 स्वास्थ्य शिविरों में कुल 1610 लाभार्थियों ने भाग लिया।

बायो गैस व वेस्ट कम्पोजिट यूनिट : खेतोलाई गांव में पशुओं की ज्यादा संख्या को ध्यान में रखते हुए महिला समूह सदस्यों को रोजगार उपलब्धता हेतु गॉव में बायो गैस व वेस्ट कम्पोजिट यूनिट स्थापित की गई। इस यूनिट से गांव के 04 परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं।

शिक्षा कार्यक्रम :

अभिभावकों का आमुखीकरण और अनियमित बच्चों का चिन्हिकरण : शिक्षा की जागरूकता एवं शिक्षा से वचिंत बालक और बालिकाओं के चिन्हिकरण हेतु सर्वे किया। जिसका विवरण इस प्रकार से है

सर्वे किये गये गांवो	चिन्हित बच्चों की संख्या	नियमित विद्यार्थियों की संख्या
14	353	310

विद्यालयों से वचिंत बच्चों हेतु ब्रिज कोर्स संचालन : बच्चों की नियमितता एवं शैक्षिक स्तर सुधार हेतु शिक्षा विभाग के सहयोग से तीन माही ब्रिज कोर्स संचालित किया। लाभार्थी विवरण इस प्रकार है :

ब्रिज कोर्स की संख्या	लाभार्थियों का विवरण		
	बालक	बालिका	योग
1	17	18	35

विद्यालय प्रबंधन समिति क्षमतावर्द्धन : शिक्षा सुधार हेतु विद्यालयों में गठित विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ बैठकें कर समिति का क्षमतावर्द्धन किया। सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	बैठकों की संख्या	संभागी
1	26	310

बच्चों के विकास को बढावा देना तथा गांव स्तर पर नियमित गतिविधियां करना

बालिका समूह गठन व सशक्तिकरण : बालिकाओं के विकास एवं शिक्षा से जोड़ने हेतु गतिविधियां जैसे खेल–कूद प्रतियोगिता, बालिका मेला, चित्रकारी आदि किये गये। बैठकों की जानकारी निम्न है :

क्र.स.	बालिका समुहों की संख्या	बैठकों की सख्या	लाभार्थियों की संख्या
1	14	168	249

मॉडल विद्यालय के रूप में विकासित करना : ग्राम पंचायत केलावा स्थित राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय को बाल कॉन्सेप्ट मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया। इसके अंतर्गत विद्यालय के चार कक्षा कक्षों में ज्ञानवर्द्धन चित्रकारी,कम्प्यूटर लैब हेतु कम्प्यूटर, खेल सामग्री, पुस्तकालय पुस्तकें, कचरा पात्र, बालिका शौचालय मरम्मत करवाकर उसमें सेनेटरी डिस्पोज मशीन, पानी पीने की प्याऊ की मरम्मत आदि कार्य करवाएं गए। इस कार्य से कुल 357 बच्चे सीधे रूप से लाभान्वित होगे।

विद्यालयों में सेनेटरी कॉम्पलेक्स निर्माण : बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरानें होने वाली परेशानियों से निजात दिलवाने हेतु दो विद्यालयों राजकीय माध्यमिक विद्यालय चाचा एवं केलावा में विद्यालय के सहयोग से बालिका शौचालयों में सेनेटरी कॉम्प्लेक्स तैयार करवा कर सेनेटरी डिस्पोज मशीन लगवाई। इस कार्य से कुल 350 लाभार्थी सीधे रूप से लाभान्वित होगे।

विदयालयों में खेल सामग्री वितरण : खेल द्वारा बालिकाओं को विकास के अवसर, खेलों में रूचि हेतु विद्यालयों में बालिकाओं को खेल सामग्री वितरित की गई। सामग्री से लाभार्थियों की संख्या निम्न है :

क.स.	खेल सामग्री वितरित विद्यालय	लाभार्थी
1	14	1177

सूचना प्रोद्योगिकी केन्द्र निर्माण : तकनीकी शिक्षा के प्रति रूचि जागृत हेतु दो विद्यालयों राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खेतोलाई व केलावा में केन्द्रों का निर्माण विद्यालय द्वारा किया गया। इन केन्द्रों पर एक–एक कम्प्यूटर लगाया। इससे कुल 674 बालक–बालिकाएं सीधे रूप से लाभान्वित होगे।

ज्ञानवर्द्धन पुस्तकों का वितरण : बच्चों में पढने की रूचि जाग्रत करने हेतु सरकारी विद्यालयों व बालिका मंचों को ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों का वितरण किया गय। लाभार्थी विवरण इस प्रकार है :

क.स.	विधालय/मंच संख्या	पुस्तक संख्या	लाभार्थी
1.	17	1130	2938

विद्यालयों में शौचालय निर्माण व मरम्मत : खुले में शौच मुक्त वातारण व स्वच्छता हेतु शौचालय निर्माण व मरम्मत करवाया। शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.स.	विद्यालयों की संख्या	शौचालयों की संख्या	लाभार्थी
1	2	2	464

मॉडल आंगनवाडी केन्द्रों का निर्माण : प्रारम्भिक शिक्षा में बढावा हेतु चार गांवो के आंगनवाडी केन्द्रो को बाल अधिकारिता विभाग के सहयोग से मॉडल के रूप में विकसित किया। विवरण इस प्रकार है :

क.स.	मॉडल आंगनबाडी केन्द्र	लाभार्थी
1	4	160

इको टूरिज्म विकास

परिवार चयन व चयनित परिवारों का प्रारम्भिक प्रशिक्षण : समुदाय आधारित पर्यटन को विकसित करने हेतु परियोजना क्षेत्र के सभी गांवों में ग्रामीणों से चर्चा कर, गांव–घर आधारित टूरिज्म के अवसरों को देखा गया। इसके बाद 03 गावों से 10 गरीब परिवारों का चयन करके उनमें इको टूरिज्म की समझ विकसित करने एवं आतिथ्य सत्कार प्रशिक्षण करवाया। प्रशिक्षणों का विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.स.	प्रशिक्षणों की संख्या	लाभार्थी
1.	03	60

इको टूरिज्म हब व समन्वय केन्द्र निर्माण : इको टूरिज्म हेतु आमुखीकरण तथा कार्यक्रम की मॉनिटरींग हेतु उरमूल पोकरण कैम्पस को टूरिज्म हब व समन्वय केन्द्र के रूप में विकसित किया गया।

इको टूरिज्म हेतु परिवारों को बुनियादी ढांचा सहयोग : 03 गांवो में चयनित 10 परिवारों के आवासों में टूरिज्म की न्यूनतम आवश्यकता युक्त बनाने एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु सहयोग किया। लाभार्थियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र.स.	बुनियादी ढांचा सहयोग	लाभार्थी
1	10	50

उच्च स्तरीय आतिथ्य सत्कार प्रशिक्षण : चयनित परिवारों को पर्यटन क्षेत्र में दक्षता हेतु परिवारों का उच्च स्तरीय आतिथ्य सत्कार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रशिक्षण विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.स.	प्रशिक्षणों की संख्या	लाभार्थी
1	04	45

सामुदायिक पर्यटन हेतु मार्केट लिकेंज : सामुदायिक पर्यटन को बढावा देने, बाजार से जुडाव व प्रचार–प्रसार के लिए जैसलमेर जिला स्तर पर विभिन्न होटल व्यावसायियों, मरू महोत्सव–2020 में भागीदारी की। टूरिज्म कार्यक्रम की वैब साईड, ब्रौसर, प्रचार–प्रसार सामग्री भी तैयार की जा रही है।

लोक कलाकारों समूह निर्माण व प्रशिक्षण : लोक कला संस्कृति को पुर्नजीवित हेतु कलाकारों को मंच उपलब्धता एवं उनका समूह बनाकर उन्हे प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.स.	प्रशिक्षण	संभागी लोक कलाकार
1	2	50

आर्ट क्राफ्ट विकास

क्राफ्ट, गांव व लाभार्थी चयन व महिलाओं का हस्तकला प्रशिक्षण : महिलाओं का क्राफ्ट से आयवर्द्धन हेतु चाचा, थाट व गोमट गाँव में बुनाई एवं कट वर्क कार्य सीखाने हेतु महिलाओं के साथ बैठक कर सर्वे व चयन किया। सर्वे उपरांत थाट गांव में बुनाई कलस्टर, चाचा व गोमट में कट वर्क कलस्टर तय किया गया। तीनों गांवों में 100 महिलाओं का चयन किया गया। कट वर्क, राली प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक द्वारा कट वर्क का प्रकार, उपयोगिता व कार्य के दौरान सावधानियों के बारे में बताया। महिलाओं को साधारण कपड़े पर तुरपाई व कट वर्क उत्पाद जैसे चश्मा व कुशन कवर,। भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.सं.	क्राफ्ट प्रशिक्षण का नाम	स्थान	अवधि	संभागी
1.	कट वर्क राली	चाचा	15 दिवसीय	30
2.	कट वर्क राली	थाट	15 दिवसीय	18
3.	कट वर्क राली	गोमट	15 दिवसीय	31
4.	बुनाई प्रशिक्षण	थाट	21 दिवसीय	11
5.	बुनाई प्रशिक्षण	थाट	21 दिवसीय	17
कुल				107

महिलाओं का हस्तकला रिफ्रेशर प्रशिक्षण : महिलाओं का क्राफ्ट में क्षमतावर्द्धन हेतु प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं हेतु सात दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण करवाया। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.सं.	क्राफ्ट प्रशिक्षण का नाम	स्थान	अवधि	संभागी
1.	कट वर्क राली	चाचा	7 दिवसीय	30
2.	कट वर्क राली	गोमट	7 दिवसीय	41
3.	बुनाई प्रशिक्षण	थाट	7 दिवसीय	11
4.	बुनाई प्रशिक्षण	थाट	7 दिवसीय	21
कुल				103

क्राफ्ट सेन्टर का निर्माण : क्राफ्ट में प्रशिक्षित महिलाओं को अपना कार्य करने के लिए ऐसा स्थान उपलब्ध हो जहां उन्हे सभी प्रकार की सुविधाएं मिल सके तथा वे अपना कार्य निसंकोच एक साथ बैठकर कर सके, इसको ध्यान में रखते हुए गांव थाट,गोमट व चाचा में सार्वजनिक भवन को क्राफ्ट सेन्टर के रूप में विकसित किया गया। विकसित सेन्टर से लाभान्वितों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	क्राफ्ट सेंटर	लाभार्थी
1	03	103

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन :

जल संरक्षण और वर्षा जल संरक्षण हेतु टांका निर्माण व टांका मरम्मत : परियोजना अंतर्गत जल संरक्षण से वर्षा जल संरक्षण पर कार्य किया। टांका निर्माण एवं मरम्मत कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

क.स.	टांकों का प्रकार	निर्माण	लाभार्थी परिवार	लाभार्थी सदस्य
1.	टांका निर्माण	38	38	190
2.	टांका मरम्मत	52	52	260
कुल		**90**	**90**	**450**

सामुदायिक जल स्रोतों की खुदाई व साफ–सफाई : जल संरक्षण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए पारम्परिक सामुदायिक जल स्रोत थाट की रांभोलाई नाड़ी और बड़ली नाथूसर के कोठोलाई तालाब खुदाई का कार्य करवाया गया। जिसमें पंचायत का सहयोग रहा। लाभन्वित विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र.सं.	गांव	प्रत्यक्ष लाभार्थी	अप्रत्यक्ष लाभार्थी
1	2	256	12000 जन मानस एवं पशुधन

विद्यालयों में पानी टांका मरम्मत : बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हेतु पूर्व निर्मित टांकों का पुननिर्माण,मरम्मत व छत से जोडनें हेतु कार्य किया। टांका निर्माण लाभार्थी विवरण निम्न प्रकार है

क्र.सं.	विद्यालय	टांका मरम्मत	लाभार्थी
1.	04	04	825

स्वयं सहायता समूहों का गठन एवं मासिक बैठक : महिला आत्मनिर्भर हेतु एस.एच.जी. गठन व गठित समूह की मासिक बैठकों का आयोजन किया। स्वंय सहायता समूहों का विवरण निम्न प्रकार है :

क.स.	स्वयं सहायता समुह	सदस्य	बैठकों की संख्या
1	14	219	160

किचन गार्डन विकास : वंचित एवं गरीब परिवारो के स्वास्थ्य व पोषण गुणवत्ता बढ़ाने हेतु किचन गार्डन के रूप में विकसित करने का कार्य किया गया। चिन्हित परिवारों को घर में खाली जमीन पर सब्जी उगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। किचन गार्डन कार्य से लाभार्थी विवरण निम्न प्रकार है :

क.स.	लाभाथी परिवार	लाभार्थी जनसंख्या
1.	150	750

अजोला पिट विकास : पशुपालन लोगों की आय का मुख्य स्रोत है लेकिन पशुपालकों के लिए हरे चारे की उपलब्धता एक मुख्य समस्या हैं। हरे चारे की समस्या के निदान के लिए अजोला घाास के पिट तैयार कर चिन्हित परिवारों में अजोला घास पिट तैयार करवाएं। कार्यक्रम लाभार्थी विवरण इस प्रकार है

क्र.सं.	अजोला वितरण	लाभार्थी
1.	75	375

ठोस और तरल कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण : ग्राम पंचायत को कचरा मुक्त बनाने हेतु ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर सरकारी सूचकों, जन प्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समिति, महिला समूहों, ग्राम विकास कमेटी का प्रशिक्षण करवाया गया। इन प्रशिक्षणों का विवरण निम्न प्रकार है :

क्र.स.	प्रशिक्षण	संभांगी
1	5	289

कोरोना महामारी के दौरान मास्क वितरण : महामारी से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। लक्ष्य समूह में मास्क की जरूरत के मुताबिक प्रशासन से स्वीकृति लेकर 05 ग्राम पंचायतो के 14 गांवो मे 11,000 कपडे के मास्क बनाकर ग्रामीणों, सरकारी विभागों एवं प्रवासियों को निशुल्क वितरित किये गये।

शादी : बच्चों का खेल नही

परियोजना का नाम	शादी : बच्चों का खेल नहीं
परियोजना का कार्यक्षेत्र	ओसियां, जिला–जोधपुर
वितीय सहयोग	सेव द चिल्ड्रन
परियोजना प्रारम्भ	जुलाई 2018
प्रतिवेदन अवधि	अप्रेल 2019–मार्च 2020

परियोजना परिचय : बालिकाओं के शैक्षिक, जीवन कौशल विकास एवं सशक्तिकरण करने के उद्‌देश्य के साथ बाल विवाह रोकने के प्रति बालिकाओं एवं जन समुदाय में जागृति के माध्मय से समझ विकसित करने के साथ ही युवाओं को यह समझ विकसित करने का प्रयास किया जाता है कि युवा कब व किस परिस्थिति मे शादी करे, जो कि उनके जीवन विकास में किस भी तरह से बाधक ना हो।

परियोजना का उद्‌देश्य :

- समाज में बालिका शिक्षा को बढावा देना।
- शिक्षा से वंचित बालिकाओं को उनकी उम्र के अनुसार कक्षा में प्रवेश का अधिकार दिलवाना।
- शाला प्रबन्धन समितियों को बालिका शिक्षा के प्रति जबाबदेह बनाना।
- बालिकाओं को पढाये जाने वाले विषयों व जेण्डर पर मजबूत समझ बनाना।
- बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए अभिभावकों को प्रेरित करना व बालिकाओं से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी देना।
- बालिकाओं में अपने भविष्य के प्रति निर्णय लेने के लिए आत्मविश्वास को बढाना।
- बालिकाओं को बिना भेदभाव के समानता के अवसर प्रदान करने के लिए माहौल पैदा करना।
- बालिकाओं को बाल विवाह के विरूद्व जागरूक करना।
- युवा यह तय करने मे सक्षम हो कि वे कब व किस परिस्थिति मे शादी करे।

किशोर–किशारी समूहों के लीडरस् के साथ पाक्षिक बैठक आयोजन : गठित किशोर–किशोरी समूह लीडरस् के साथ पाक्षिक बैठकों का आयोजन किया जाता है। पाक्षिक बैठकों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	विवरण	आयोजित बैठक	संभागी				
			लडकिया–वर्ष 15–18	लडकिया 19 वर्ष व +	लडके–वर्ष 15–18	लडके 19 वर्ष व +	कुल
1.	पाक्षिक बैठक	161	4466	2213	78	190	6947
कुल		**161**	**4466**	**2213**	**78**	**190**	**6947**

ललिता बाबू जीवन कौशल विकास : किशोर–किशोरियों के लिए जीवन कौशल विकास एवं शिक्षा को लेकर ललिता बाबू जीवन कौशल विकास एवं शिक्षा सत्र् का आयोजन किया गया। जिसका विवरण इस प्रकार से है :

क.स.	विवरण	आयोजित सत्र्	संभागी				
			लडकिया–वर्ष 10–14	लडकिया 15–19 वर्ष	लडके–वर्ष 15–19	लडके 10–19 वर्ष	कुल
1.	नये सत्र्	1286	8142	7713	1076	790	17721
2.	रिविजन सत्र्	1336	9818	6730	895	619	18062
	कुल	**2622**	**17960**	**14443**	**1971**	**1409**	**35783**

यौन प्रजनन एवं स्वास्थ्य अधिकार सत्र्रों का आयोजन : प्रतिवेदन अवधी के तहत चर्चा नेताओं के द्वारा यौन प्रजनन एवं स्वास्थ्य सत्र्रों का आयोजन किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	विवरण	आयोजित सत्र	संभागी			
			लडकिया–वर्ष 15–19	लडकियो का मिक्स ग्रुप 10–19 वर्ष	लडके–वर्ष 15–19	कुल
1.	नये सत्र	657	7412	610	917	8939
2.	रिविजन सत्र	632	6946	803	909	8658
	कुल	**1289**	**14358**	**1413**	**1826**	**17597**

किशोर–किशोरी समूहों की मासिक बैठकों का आयोजन : परियोजना के तहत गठित किशोर–किशोरी समूहों की नियमित मासिक बैठकों का आयोजन किया जाता है। जिसका विवरण इस प्रकार से है :

क.स.	विवरण	आयोजित बैठक	संभागी				
			लडकिया–वर्ष 10–14	लडकिया 15–19 वर्ष	लडके–वर्ष 15–19	लडके 10–19 वर्ष	कुल
1.	मासिक बैठक	1036	6573	6264	813	588	14238
	कुल	**1036**	**6573**	**6264**	**813**	**588**	**14238**

यौन प्रजनन एवं स्वास्थ्य अधिकार जानकारी : सूचना प्रसार केन्द्र के माध्मय से यौन प्रजनन एवं स्वास्थ्य अधिकार, रेफरल प्रणाली, आरटीआई/एसटीआई पर जानकारी एवं परामर्श प्रदान एवं विभिन्न सेवाओं पर ज्ञान को बढाने के लिए किशोरों के द्वारा सूचना प्रसार केन्द्र का दौरा किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है

क.स.	सूचना प्रसार केन्द्र का नाम	किशोरी संख्या
1.	थोब, जोधपुर	104
2.	ओसिया ,जोधपुर	176
3.	बैठवासिया , जोधपुर	129
4.	भैरूसागर, जोधपुर	111
कुल		**520**

किशोरी बालिकाओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन : लडकियों की भागीदारी विशेष रूप से लडकियों के लिए नवीन एवं रोचक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाई गई थी। ये गतिविधियां बाल अधिकारों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय एवं सप्ताह के अवसर पर आयोजित की गई। जैसे : राष्ट्रीय बालिका दिवस, बालिका दिवस, यू.एन.सी.आर.सी.सप्ताह,एवं बाल विवाह पर नाटक मंचन कार्यक्रम आयोजन में भागीदारी की गई। इनमें 1134 किशोरियों, शिक्षकों एवं परियोजना दल के सदस्यों ने भाग लिया। इन गतिविधियों को जन समुदाय के करीब 1075 लोगो के द्वारा देखा गया।

खेलकूद, भाषण एवं नुक्कड नाटक : जीवन कौशल विकास क्षमता हेतु किशोरों को सक्षमता के लिए खेल एवं नाटक इत्यादि का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में 6336 किशोरों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

विधालय प्रबन्धन समिति : विधालय प्रबन्धन समिति में परियोजना दल के सदस्यों के द्वारा भागीदारी करके प्रबन्धन समिति को सक्रिय बनाने हेतु प्रयास के साथ ही विधालय में बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय, विधालय चारदीवारी, प्रचार प्रसार सामग्री, विशालयों में लडकियों की सुरक्षा एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। विधालय प्रबन्धन समिति बैठकों में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है

क.स.	विवरण	बैठक संख्या	सहभागिता विवरण				
			पुरूष	महिला	लडके	लडकिया	कुल
1.	विधालय प्रबन्धन समिति बैठक	13	94	59	12	10	175

वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण :

क.स.	विवरण	संभागी–लडकिया
1.	वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण	11
कुल		**11**

बाल संरक्षण समिति एवं ग्राम स्वास्थ्य,स्वचछता एवं पोषण समिति सुदृढीकरण :

क.स.	विवरण	बैठक संख्या	सहभागिता का विवरण				
			पुरूष	महिला	लडके	लडकियां	कुल
1.	गांव स्तरीय बाल संरक्षण समिति	292	1598	2704	341	592	5235
2.	ग्राम पंचायत बाल संरक्षण समिति	2	3	20	2	5	30
3.	ग्रामस्वास्थ्य,स्वच्छता व पोषण समिति	2	3	20	2	5	30
कुल		**296**	**1604**	**2744**	**345**	**602**	**5295**

यौन प्रजनन, स्वास्थ्य अधिकार एवं बाल विवाह विषय प्रशिक्षण :

क.स.	विवरण	प्रशिक्षण स्थान	संभागी
1.	यौन प्रजनन, स्वास्थ्य अधिकार एवं बाल विवाह विषय प्रशिक्षण	ओसिया	600
कुल			**600**

बाल संरक्षण व स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण योजना का निर्माण : बाल संरक्षण समिति व स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों के द्वारा गांव स्तर पर कमजोर बच्चों की पहचान की और सर्वेक्षण के आधार पर बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए 05 वीएलसीपीसी के द्वारा वार्षिक योजना विकसित की गई।

किशोर मित्रवत केन्द्र का भम्रण : किशोरों के अनुकुल यौन प्रजनन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के उदद्देश्य से 439 किशोरी लडकियों के द्वारा सूचना प्रसार केन्द्र का दौर करके लडकियों एवं महिलाओं के हीमाग्लोबिन को चेक करने के साथ ही बच्चों का वजन भी मापा गया। इसके अलावा जोधपुर में सूचना प्रसार केन्द्र के माध्यम से यौन प्रजनन एवं स्वास्थ्य अधिकार के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला का आयोजन : बाल विवाह, लिंग भेदभाव, बालिका शिक्षा, स्कूल के प्रति धारणा और लैंगिक समानता बनाने में किशोर–किशोरी समूहों की संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	विवरण	ग्राम पंचायत संख्या	सहभागिता का विवरण		
			पुरूष	लडके	कुल
1.	कार्यशाला आयोजन	5	46	425	471
कुल		**5**	46	425	471

पंचायतीराज सदस्यों का आमुखीकरण : बाल विवाह एवं बालिकाओं तथा महिलाओं से सम्बन्धित मुद्दों पर जानकारी के माध्यम से समझ विकसित एवं पंचायतीराज में इन मुद्दों को प्राथमिकता के साथ लागू किये जाने के लिए 05 ग्राम पंचायत के पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आमुखीकरण कार्यक्रम में 15 पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

कानून प्रवर्तन संस्थानों का भम्रण : परियोजना के तहत किशोर–किशोरियों को विभिन्न कानून प्रवर्तन संस्थाओ का भ्रमण करवाया गया। जिसमें भागीदारी विवरण इस प्रकार से है

क.स.	विवरण	सहभागिता विवरण		
		किशोर	किशोरी	कुल
1.	भ्रमण कार्यक्रम	00	252	252
कुल		**00**	**252**	**252**

मरुधरा में जल स्वावलम्बन कार्यक्रम

परियोजना का नाम	मरूधरा में जल स्वावलम्बन कार्यक्रम
परियोजना का कार्यक्षेत्र	श्रीडूंगरगढ ब्लॉक, बीकानेर
वितीय सहयोग	यूरोपियन यूनियन द्वारा उन्नती संस्थान
परियोजना प्रारम्भ	अगस्त 2019
प्रतिवेदन अवधि	अगस्त 2019—मार्च 2020

कार्यक्रम के प्रमुख उद्‌देश्य :

- प्राकृतिक जल स्रोतो का चिन्हिकरण एवं संरक्षण तथा निर्माण।
- वर्षा का जल संरक्षण करने के लिए जागरुकता बढाना।
- सामूदाय की भागीदारी से जल स्रोतो को तैयार करना।
- जल स्रोतो देंखभाल करने के लिए सामुदायिक भागीदारी बढाना।
- ग्राम पंचायत विकास प्लान(GPDP) हेतु प्रस्ताव तैयार करवा कर जल संरक्षण समिति के माध्यम से ग्राम पंचायतो को देना।

परियोजना का लॉच : बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ ब्लॉक की 15 ग्राम पंचायतों के 30 गांवो मे 1 अगस्त 2019 में शुरू किया गया। सर्वप्रथम श्रीडूंगरगढ ब्लॉक के 30 गांवो में समुदाय के साथ बैठके कर मरुधरा में जल स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई एवं गांवो में प्राकृतिक जल स्रोतो की समुदाय के साथ मिलकर मैपिग की गई तथा गांवो के लोगों को प्राकृतिक जल स्रोतो के महत्व के बारे में बाताय गया कि आने वाले समय में प्राकृतिक जल स्रोतों को कैसे संरक्षण किया जा सकता है तथा समुदाय के लोग मिलकर कैसे जल स्रोतो का रख रखाव कर सकते व प्राकृतिक जल स्रोतो के प्रति लोगो को जागरुक करने के लिए उन्नती संस्थान के द्वारा तैयार एवं प्रसारित रेडियो कार्य्रक्रम के पोस्टरो के माध्यम से प्रचार—प्रसार किया गया।

बैसलाईन सर्वे : परियोजना संचालित क्षेत्र के 30 गांवो में परियोजना के तहत कार्यरत टीम के द्वारा 200 परिवारों का प्रत्येक गांव में धर घर जाकर बैसलाईन सर्वे का कार्य किया गया है।

जल सरक्षण समितियों का गंठन : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत क्षेत्र की 15 ग्राम पंचायतो एव 30 गांवो में समुदाय के साथ बैठके आयोजित कर प्राकृतिक जल स्रतो का रख रखाव व संरक्षण के लिए 30 गांवो में जल संरक्षण समितियों का गठन किया गया ओर जल सरक्षण समितियों के द्वारा प्राकृतिक जल स्रोतो के रख रखाव व नवीनीकरण के लिए ग्राम विकास प्लान बनाने का कार्य किया गया तथा लोगों को वर्षा जल सरक्षण के लिए प्रेरित किया गया त परियोजना के तहत गठित जल संरक्षण समितियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	गतिविधि का नाम	समिति संख्या	महिला	पुरुष	कुल
1.	जल सरंक्षण समिति गठन	30	42	290	332

सेवा प्रदाताओं के साथ बैठक : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत सेवा प्रदाताओं के साथ 30 गांवों में अगस्त 2019 से मार्च 2020 मे ग्राम विकास प्लान को लेकर सेवा प्रदाताओं को परियोजना के उद्‌देश्य के बारे मे बताया गया कि हमारा उद्‌देश्य शामलात संसाधनो जैसे : जोहड, तालाब, ओरण एवं गोचर इत्यादि के रख रखाव व उपयोगिता को लोग समझे व उनकी देखरेख करने के प्रति लोगो मे जागरुकता आये व इनको सहजकर रखने की भावना जागृत हो। बैठकों में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	गतिविधि का नाम	कुल बैठक	महिला	पुरुष	कुल
1.	सेवा प्रदाता बैटक	28	130	140	270

ग्राम विकास प्लान प्रस्तुत किये : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत जल संरक्षण समिति द्वारा तैयार किये गये GPDP प्लान ग्राम पंचायतो के साथ बैठक कर 30 ग्रावों मे जोहड, स्कूलो में शौचालय, भवन व चारदीवारी तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र व व्यक्तिगत कुण्ड निर्माण कार्यो को नरेगा के तहत करवाने के लिए अगस्त 2019–अक्टूबर 2019 तक सभी 15 ग्रम पंचायतों को प्रस्तुत किया गया तथा जल संरक्षण समिति के माध्यम से दिये गये प्लान का नियमित रूप से फोलोउप भी किया गया। दिये गये प्रस्तावों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	ग्राम पंचायत को प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव	कुल
1.	जोहड प्रस्ताव	44
2	स्कूल प्रबन्धन समिति द्वारा शौचालय, भवन व चारदीवरी के प्लान	30
3	ग्राम स्वास्थ्य एंव स्वच्छता समिति द्वारा दिये गये प्लान	07
4	पीएम आवस व व्यकितगत कुण्ड निमार्ण के प्लान	75

ग्राम पंचायतो की बैठको मे भागीदारी : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत के जल संरक्षण समिति द्वारा दिये गये ग्राम विकास प्लान का ग्राम पंचायतो की बैठक में निरन्तर फोलोउप का कार्य किया जा रहा है तथा नरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा बजट लगवानें व कार्य की गुणवता का भी समिति द्वारा निगरानी की जायेगी तथा पंचायतो को प्राकृतिक जल संसाधनो को पुर्नजीवित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में बैठकों की भागीदारी की जानकारी निम्न प्रकार से है :

क.स.	गतिविधि का नाम	कुल संख्या	महिला	पुरुष	कुल
1.	ग्राम पंचायत बैठको मे भागीदारी	05	250	30	280

यूथ प्रशिक्षण : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत के युथ लोगों का एक दिवसीस प्रशिक्षण करवाया गया जिसमें पंचायतो को प्राकृतिक जल संसाधनो को पुर्नजीवित करने के लिए आगे आकर काय कर सके है। प्रशिक्षण में भागीदारी की जानकारी निम्न प्रकार से है :

क.स.	गतिविधि का नाम	प्रशिक्षण संख्या	महिला	पुरुष	कुल
1.	युथ प्रशिक्षण	01	01	32	33

जल सरक्षण समिति सदस्यों का प्रशिक्षण : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत क्षेत्र की गठित जल संरक्षण समिति सदस्यो का एक दिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	गतिविधि का नाम	प्रशिक्षण संख्या	महिला	पुरुष	कुल
1.	जल सरंक्षण समिति गठन	01	03	25	28

नये जनप्रतिनिधि एवं फर्टलाईन वर्कर का प्रशिक्षण : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत परियोजना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण करवाया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	गांम पंचायत का नाम	प्रशिक्षण संख्या	महिला	पुरुष	कुल
1.	बिन्जासर	01	08	34	42
2.	समन्दसर	01	12	26	38
3.	सत्तासर	01	09	32	42
4.	जेतासर	01	16	06	22
5.	सुरजनसर	01	09	27	36
	कुल	**05**	**54**	**125**	**179**

सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभान्वित : मरुधरा में जल स्वावलम्बन परियोजना के तहत गांवो में बैठकों के दौरान सरकार के द्वारा संचालित व्यक्तिगत लाभ की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जैसे : पेंशन, पालनहार, छात्रवृति इत्यादि। सरकारी योजना पालनहार के तहत परियोजना क्षेत्र के गांवो में 04 परिवारों को लाभान्वित भी करवाया गया है।

द कैमल पार्टनरशिप कार्यक्रम

परियोजना का नाम	द कैमल पार्टनरशिप कार्यक्रम
परियोजना का कार्यक्षेत्र	बीकानेर, जोधपुर एवं जैसलमेर
वितीय सहयोग	फ्रेडस् ऑफ वुमैन वर्ड बैंकिग-FWWB & RRAN
स्हयोगी संस्थाएं	राज.सरकार, सेल्को फाउन्डेशन, सेन्टर फॉर पास्टोरलिस्म, डेजर्ट रिर्सोस सेन्टर, बास्क रिसर्च फाउन्डेशन, ऐक्सिस बैंक फाउन्डेशन, वेटरनरी विश्वविधालय, सहजीवन, राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र एवं उरमूल सीमान्त
परियोजना प्रारम्भ	दिसम्बर 2019
परियोजना पूर्ण दिनांक	वर्तमान में परियोजना संचालन जारी है।

परियोजना परिचय : इस परियोजना का संचालन पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर एवं जैसलमेर जिले में ऊंट वहां के लोगो के जीवन में परिवार जन की तरह है। मरूस्थल की कठिनाईयों में इस जीव ने अपनी जगह बनाई है। राजस्थान में इस पशु का अस्तित्व खतरे में है। थार रेगिस्तान में ऊंट आजीविका के पारंपरिक साधनों में प्रमुख रहा है। लेकिन समय के साथ–साथ ऊंट अपनी पहचान खोता गया। 2012 की पशु जनगणना में राजस्थान में ऊंटों की संख्या 3.26 लाख थी जो कि 2019 में घटकर 2.13 लाख रह गई है। इन स्थितियों को मध्यनजर रखते हुएं दिसम्बर 2019 से इस परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

मुख्य उद्देश्य : इस परियोजना के माध्यम से 6000 ऊंटपालकों की आजीविका के लिए समावेशी, जवाबदेह सहयोगी और स्थाई उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहन देना एवं इस पशु को जनसमुदाय के लिए आजीविका का एक मुख्य संसाधन बनाने की दिशा में पशुपालको को जागरूक करके उनकी समझ को विकसित करना।

परियोजना प्रगति विवरण :

गतिविधि आयोजन :

क.स.	गतिविधि का नाम	कार्यक्रम आयोजन	सम्भागी
1.	ऊटपालक गांव स्तरीय समिति बैठक	25	320
2.	ऊटपालक कलस्टर स्तरीय फेडरेशन बैठक	04	210
3.	ऊटपालक फेडरेशन गवर्निग बॉडी बैठक	01	40
4.	युवा प्रशिक्षण	01	30
5.	भ्रमण–सहजीवन एवं सरहद डेयरी, कच्छ–गुजरात	01	30
6.	प्रशिक्षण एवं भ्रमण,एल.पी.पीएस. व कैमल डेयरी, कुम्भलगढ	01	09
7.	वेबीनार मिटिग	02	250
कुल		**35**	**889**

एनर्जी इनोवेशन्स इन डेजर्ट इको सिस्टम

परियोजना का नाम	एनर्जी इनोवेशन्स इन डेजर्ट इको सिस्टम
परियोजना का कार्यक्षेत्र	बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर एवं जैसलमेर
वितीय सहयोग	सेल्को फाउन्डेशन-SELCO Foundation
स्हयोगी संस्थाएं	उरमूल सेतु ,उरमूल सीमान्त, ओरेकल, आर.आर.ए.एन. एवं एच.डी.एफ.सी.बैंक
परियोजना प्रारम्भ	सितम्बर 2019
परियोजना पूर्ण दिनांक	वर्तमान में परियोजना संचालन जारी है।

परियोजना परिचय : इस परियोजना का संचालन पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर एवं जैसलमेर जिले में सितम्बर 2019 से किया जा रहा है ताकि दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र के जन समुदाय को एनर्जी इनोवेशन की आवश्यकता, महत्व एवं उपयोगिता के बारे में समझ विकसित करते हुएं इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित करते हुएं रोजगार के नये अवसरों की उपलब्धता को बढाया जा सके।

मुख्य उद्देश्य : मौजूदा सामाजिक उद्यम की मूल्य श्रृंखला में संतुलित एवं अक्षय ऊर्जा को लेकर निवेश को प्रोत्साहन देना, थार रेगिस्तान के समुदाय के लिए रोजगार के नये अवसरों का विकास करना एवं मौजूदा मूल्य श्रृंखलाओं कशीदाकारी, कृषि, डेयरी एवं पशुपालन को नवाचार के माध्यम से मजबत करना।

परियोजना प्रगति विवरण :

आधारा संरचना :

- उरमूल सेतु परिसर, लूणकरणसर में ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम के लिए विक्रेता की पहचान और अनुबंध किया गया है ताकि 2020 अन्त तक इस कार्य को पूर्ण कर लिया जावें।
- दुध संकलन के सुविधाओं के विस्तार कर बज्जू कें कार्य किया जा रहा है।
- ऊंटनी दुध के लिए प्रसंस्करण केन्द्र स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीण शिल्प कला केन्द्र विकसित :

- चार स्थानों पर शिल्प केन्द्र विकसित के लिए स्थान का चयन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है।
- चार शिल्प कला केन्द्र डण्डकला, 7 ए.डी. डेलीतलाई एवं 2 ए.डी. का कार्य शुरू हो चुका है।

सौलर इकाई स्थापना :

- सौर हथ करघा इकाईयों की स्थापना के लिए स्थान का चयन एवं आगे की कार्ययोजना तैयार की।
- सोलर सरसों तेल इकाई के लिए 507 हैड, लूणकरणसर में स्थान चिन्हित करके इकाई के लिए तकनिकी एवं विक्रेता को चिन्हित करके कार्य शुरू किया जा रहा है।

पशु चारा इकाई स्थापना :

- उरमूल सेतु परिसर, लूणकरणसर में चारा इकाई स्थापना के लिए स्थान चिन्हित करके इकाई के लिए आवश्यक तकनिकी की पहचान की गई है।

दूध प्रसंस्करण इकाई स्थापना :

- इकाई प्रारूप तैयार कर बिजनेस मॉडल एवं लागत विश्लेषण का कार्य किया गया है।
- मिल्क शेड निर्माण का मूल्यांकन करके कार्य शुरू कर दिया गया है।

दूध प्रसंस्करण इकाई स्थापना :

- हाइड्रोपोनिक इकाई स्थापना, सौर ऊर्जा आधारित फैसिंग और गाय डेयरी पर चल रहा है।

मावा बनाने की मशीन स्थापना : स्थान चिन्हित करके कार्य को करने हेतु चरणबद्व योजना तैयार की गई है।